**रांची।** झारखंड में भी रिक्रूटमेंट सेंटर खुलने की संभावना है। यह पहल बिहार से झारखंड के अलग हो जाने के बाद पहली बार की जा रही है। इससे राज्य के युवाओं को एक अच्छा अवसर मिलेगा।

उक्त बातें भारतीय वायु सेना के एयर वाइस मार्शल ओपी तिवारी ने कही। श्री तिवारी वायु सेना भरती रैली के अंतिम दिन प्रेस वार्ता में बोल रहे थे। वायु सेना का उद्देश्य है कि सबसे अच्छे को लो, बाकी को प्रेरित करो। इसी तर्ज पर जितने बच्चों को हम ले रहे हैं उनसे शेष बच्चे प्रेरणा लें और भविष्य में सेना में जाने के लिए प्रयासरत रहें। चार दिनों तक दो चरणों में चली इस बहाली रैली में कुल 378 अभ्यर्थियों का चयन हुआ।

मौके पर आये धनबाद सांसद पीएन सिंह ने मंत्री अमर कुमार की पहल को सराहनीय बताया। कहा कि वायु सेना की रैली से 10 जिलों के प्रतिभावान बच्चों को सीधा रोजगार मिलेगा। ऐसी रैली प्रति वर्ष आयोजित होनी चाहिए। झारखंड में भी वायु सेना बहाली केंद्र खुलना चाहिए, मैं इसके लिए पूरा प्रयास करूंगा।